**A–1–Y**

Roll No

Total No. of Questions : 14]

[Total No. of Printed Pages : 16

# $10^{TH}$ARM(SZ)JKUT2024

# 1001–Y

# HINDI

Time : 3 Hours]

[Maximum Marks : 80

**नोट** :- निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए :

(i) प्रश्न-पत्र को चार खण्डों में विभक्त किया गया है : (खण्ड-क), (खण्ड-ख), (खण्ड-ग), (खण्ड-घ)। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) **खण्ड-क** : अपठित गद्यांश पर आधारित है।

(iii) **खण्ड-ख** : प्रश्न संख्या 2 से 7 तक व्याकरणिक इकाई पर आधारित है।

(iv) **खण्ड-ग** : प्रश्न संख्या 8 से 11 तक पाठ्य-पुस्तक से संबंधित है।

(v) **खण्ड-घ** : प्रश्न संख्या 12 से 14 तक रचनात्मक लेखन के हैं।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

हमारा देश भारत जिसके पूर्वज प्रकृति की पूजा करने से भटक गया है। प्रगति और विकास के नाम पर पर्यावरण के अनेक स्रोतों को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। जंगल काटे जा रहे हैं, औद्योगिक इकाइयों का दूषित पानी नदियों में बहाया

जा रहा है। धरती में से भारी मात्रा में पानी निकाला जा रहा है, उद्योग और रिफाइनरी की चिमनियाँ विनाशकारी गैस उगल रही हैं। इनसे देश का वातावरण लगभग 60 प्रतिशत क्षतिग्रस्त हो गया है। पर्यावरण स्थिरता की सूची में हमारा देश दसवें स्थान पर है। इसका असर मानव समाज पर भी पड़ा है।

**प्रश्न :**

(क) प्रकृति के साथ हमारे पूर्वजों का कैसा संबंध था ?

- (i) प्रेम व पूजा का
- (ii) शत्रुता का
- (iii) ईर्ष्या का
- (iv) इनमें से कुछ भी नहीं

(ख) पर्यावरण के अनेक स्रोतों को किस प्रकार नुकसान पहुँचाया जा रहा है ?

- (i) पूजा के द्वारा
- (ii) वृक्षारोपण के द्वारा
- (iii) जंगल काटने के द्वारा
- (iv) मेला लगाने के द्वारा

(ग) पर्यावरण स्थिरता की मूची में हमारा देश किस स्थान पर है ?

- (i) पहले स्थान पर
- (ii) दूसरे स्थान पर
- (iii) आठवें स्थान पर
- (iv) दसवें स्थान पर

(घ) पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

(i) पेड़-पौधे काटने चाहिए

(ii) पशु-पक्षी मारने चाहिए

(iii) जन-जागृति विकसित करनी चाहिए

(iv) इनमें से कोई नहीं

2×5=10

## खण्ड-ख

2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

निम्नलिखित रेखांकित शब्दों में दिए गए पदबंध का सही विकल्प छाँटिए :

(क) चीन से आया हुआ मेरा मित्र श्रीनगर जा रहा है :

(i) क्रिया पदबन्ध

(ii) संज्ञा पदबंध

(iii) क्रिया विशेषण पदबंध

(iv) विशेषण पदबंध

(ख) जो दिन रात परिश्रम करते हैं, वो ही जीवन में सफल रहते हैं :

(i) संज्ञा पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध

(iii) सर्वनाम पदबंध

(iv) विशेषण पदबंध

(ग) शेर की तरह दहाड़ने वाला व्यक्ति आज उदास है :

(i) सर्वनाम पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध

(iii) संज्ञा पदबंध

(iv) विशेषण पदबंध

1) वह <u>हिचकियाँ ले-लेकर रो रहा</u> था :

(i) सर्वनाम पदबंध

(ii) क्रिया पदबंध

(iii) विशेषण पदबंध

(iv) संज्ञा पदबंध 1×4=4

निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :

(क) राम शाम से मिलकर बहुत खुश हुआ :

(i) संयुक्त वाक्य

(ii) साधारण वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य

(iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) मनोज बीमार था, इसलिए वह स्कूल नहीं गया :

(i) मिश्र वाक्य

(ii) साधारण वाक्य

(iii) संयुक्त वाक्य

(iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) सुनंदा बड़ी आलसी है और हर समय सोती रहती है :

(i) संयुक्त वाक्य

(ii) मिश्र वाक्य

(iii) सरल वाक्य

(iv) इनमें से कोई नहीं

(घ) जब सूर्य अस्त हो जाएगा तो सर्वत्र अंधेरा छा जाएगा :

(i) संयुक्त वाक्य

(ii) साधारण वाक्य

(iii) मिश्र वाक्य

(iv) इनमें से कोई नहीं 1×4=4

(क) 'शरणागत' में कौनसा समास है ?

(i) कर्मधारय समास

(ii) बहुव्रीहि समास

(iii) द्विगु समास

(iv) तत्पुरुष समास

(ख) 'नीलकंठ' में कौनसा समास है ?

(i) बहुव्रीहि समास

(ii) तत्पुरुष समास

(iii) कर्मधारय समास

(iv) द्वन्द्व समास

(ग) समास का अर्थ क्या है ?

(i) पास आना

(ii) छोटा रूप

(iii) अलग होना

(iv) विस्तार देना

(घ) 'चौराहा' में कौनसा समास है ?

(i) द्वन्द्व समास

(ii) द्विगु समास

(iii) अव्ययी भाव समास

(iv) तत्पुरुष समास

5. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए : 1x4=4

(क) उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

सफलता को प्राप्त करने के लिए ................ पड़ता है।

(i) घी के दिए जलाना

(ii) गंगा नहाना

(iii) हाथ मलना

(iv) दिन-रात एक करना

(ख) सन्धि विच्छेद कीजिए (कोई दो) : 1

(1) इत्यादि :

(i) इ + आदि

(ii) इति + आदि

(iii) इत् + आदि

(iv) इत्या + आदि

(2) पवन :

(i) प + वन

(ii) पौ + वन

(iii) पव + वन

(iv) पो + अन

(3) दिग्गज :

(i) दिक् + गज

(ii) दिग् + गज

(iii) दिग्ग + ज

(iv) इनमें से कोई नहीं ½x2=1

(ग) वाक्य में आई क्रिया का नाम लिखिए :

मीरा सितार बजा रही है :

(i) अकर्मक क्रिया

(ii) सकर्मक क्रिया

(iii) द्विकर्मक क्रिया

(iv) इनमें से कोई नहीं 1

(घ) 'कोमल' शब्द का विलोम है :

(i) सुकोमल

(ii) कठोर

(iii) मलिन

(iv) इनमें से कोई नहीं ½

(ङ) 'लड़ाका' में कौनसा शब्द प्रत्यय है ?

(i) ड़ाका

(ii) का

(iii) आका

(iv) लड़ा

6. (क) अलंकार छाँटिए : 1

सिंधु सा विस्तृत उत्साह :

(i) अनुप्रास अलंकार

(ii) उपमा अलंकार

(iii) अतिशयोक्ति अलंकार

(iv) उत्प्रेक्षा अलंकार

**अथवा**

आए महंत वसंत :

(i) यमक अलंकार

(ii) रूपक अलंकार

(iii) उपमा अलंकार

(iv) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ख) छन्द बताइए : 1×2=2

बैठि रही अति सघन वन,
 पैठि सदन-तन माँह।
देखि दुपहरी जेठ की
 छाँहि चाहति छाँह।

(i) कवित्त

(ii) दोहा

(iii) सोरठा

(iv) चौपाई

(ख) किसकी कदर की जाती है ?

(i) अमीर की

(ii) पड़ोसी की

(iii) धोखे की

(iv) मानवता की

(ग) भारत की एकमात्र निशानी क्या है ?

(i) तिरंगा

(ii) ताजमहल

(iii) मानवता

(iv) हरिद्वार

(घ) उपर्युक्त पद्यांश किस कविता से लिया गया है ?

(i) नारी शृंगार

(ii) हिन्दी जन की बोली

(iii) कैकयी का अनुताप

(iv) मानवता कविता में से

1×4=4

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जगतराम छुनिया के शिष्य पंडित संसारचंद थे। पंडित संसारचंद बहुत ही प्रतिभा सम्पन्न थे। उन्होंने एक ओर जम्मू कलम अथवा पहाड़ी कलम की शैली को जीवित रखा, तो दूसरी ओर पुरानी और नई शैली के मिश्रण के चित्र बनाए गए हैं। आपके इन प्रयोगों की बड़ी प्रशंसा हुई है और देश-विदेश में ये चित्र देखे, खरीदे व सराहे गए हैं। प्रकृति चित्रण में आप सिद्धहस्त थे। आप 'डोगरा आर्ट गैलरी' के निर्माताओं में से थे तथा गैलरी के प्रथम संग्रहपाल (क्यूरेटर) भी रहे थे।

प्रश्न :

(क) जगतराम छुनिया के शिष्य थे :

(i) बीरबल

(ii) लक्ष्मण जू

(iii) पंडित संसारचंद

(iv) देवदत्त

(ख) किसने जम्मू कलम को जीवित रखा ?

(i) दत्तू

(ii) अचला सचदेव

(iii) जगतराम छुनिया

(iv) पंडित संसारचंद

(ग) पंडित संसारचंद किस कला में सिद्धहस्त थे ?

(i) नृत्यकला

(ii) गायनकला

(iii) बांसुरी वादनकला

(iv) प्रकृति चित्रणकला

(घ) ऊपर लिखित गंद्याश किस पाठ में से लिया गया है ?

(i) बड़े भाईसाहब

(ii) जम्मू-कश्मीर में हिन्दी

(iii) हरिहर काका

(iv) जम्मू की चित्रकला

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×4

(i) ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते ?

(ii) गोपियाँ श्रीकृष्ण की बांसुरी क्यों छिपा लेती हैं ?

(iii) शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धंस गए ?

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×2=

(i) कश्मीर के भक्त कवि हिन्दी में क्यों कविता करना चाहते थे ?

(ii) हेडमास्टर शर्माजी ने पी.टी. साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?

(iii) पहाड़ी चित्रकला की विशेषता के बारे में **तीन** वाक्य लिखिए।

11. हिन्दी साहित्य का इतिहास : 2×2=4

(i) हिन्दी साहित्य को कितने कालों में बांटा गया है, स्पष्ट करते हुए किसी एक काल की प्रवृत्तियों को संक्षेप में बताइए। 3

(ii) उपन्यास और कहानी का अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

(iii) आधुनिक काल के किन्हीं **चार** प्रमुख कवियों के नाम लिखिए। 2

## खण्ड-घ

नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए :

(क) स्वच्छ भारत अभियान :

(i) स्वच्छ भारत अभियान का मूल

(ii) स्वच्छ भारत अभियान का आरम्भ

(iii) उद्देश्य

(iv) लाभ व जागरूकता के सोपान

(ख) मेरे जीवन का लक्ष्य :

(i) जीवन में लक्ष्य धारण करना।

(ii) लक्ष्य प्राप्ति के लिए सचेत व निरन्तर प्रयास करना।

(iii) निर्धारित लक्ष्य साधना।

(iv) समाज की सेवा के लिए तत्पर रहना।

(ग) कोरोना वायरस : एक संक्रामक रोग :

(i) कोरोना वायरस क्या है ?

(ii) इसका आरम्भ कब और कहाँ हुआ ?

(iii) इस संक्रमण से बचाव व सावधानी के उपाय।

(iv) जन-जागृति एक महत्वपूर्ण बिन्दु।

Turn Over

(घ) **आदर्श विद्यार्थी :**

(i) भूमिका

(ii) विद्यार्थी का कर्तव्य

(iii) सफलता का रहस्य

(iv) उपसंहार

13. आपके क्षेत्र में सफाई कर्मचारी के नियमित रूप में न आने के कारण, ब गंदगी फैल गई है, इसकी शिकायत करते हुए नगर-निगम के स्वास्थ्य अधिक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

शीतकालीन अवकाश इकट्ठे बिताने के लिए मित्र को पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीरदास किस काल के कवि माने जाते हैं ?

(i) आदिकाल

(ii) भक्तिकाल

(iii) रीतिकाल

(iv) आधुनिक काल

(ख) 'हिन्दी की सौत' किस भाषा को कहा गया है ?

(i) बंगाली

(ii) पंजाबी

(iii) अंग्रेजी

(iv) जापानी

विश्व में सर्वप्रथम किसे ज्ञान प्राप्त हुआ ?

(i) अमेरिका

(ii) जापान

(iii) भारत

(iv) चीन

'घटि-घटि' का अर्थ क्या है ?

(i) घड़ा

(ii) घड़ी

(iii) गली

(iv) शरीर

समास के कितने भेद हैं ?

(i) चार

(ii) पाँच

(iii) छः

(iv) इनमें से कोई नहीं

'भिक्षुक' कविता में भिक्षुक के साथ कितने बच्चों का वर्णन किया गया है ?

(i) पाँच

(ii) तीन

(iii) दो

(iv) एक

Turn Over

(छ) 'कामायनी' महाकाव्य के रचनाकार हैं :

(i) सुमित्रानंदन पंत

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(iv) महादेवी वर्मा

(ज) 'कैकयी का अनुताप' के कवि हैं :

(i) सुमित्रानंदन पंत

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

(iv) इनमें से कोई नहीं

(झ) 'परिचय' में कौनसा शब्द उपसर्ग है ?

(i) प

(ii) परि

(iii) रिचय

(iv) इनमें से कोई नहीं

(ञ) 'सफल' का विलोम है :

(i) फल

(ii) सुफल

(iii) असफल

(iv) फूल

1×10=10